वर्ष 25 अंक 77
पृष्ठ 16
बरेली, गुरुवार
28 नवंबर 2013
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

एसआरएमएस में प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण शुरू

बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बुधवार को पांच दिवसीय इंस्पायर इंटर्नशिप 2013 का उद्घाटन हुआ। इसमें इंटर कालेजों से आए दो सौ से अधिक ट्रेनी छात्र-छात्राओं को विभिन्न आयामों से प्रशिक्षित किया गया। नेशनल एकेडमी एंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सदस्य प्रो. लक्ष्मीकांत शर्मा ने विभिन्न प्रयोगों से छात्रों को विज्ञान के मूलभूत आयामों से अवगत कराया। वाटर ऑफ इंडिया के पीछे छिपे लॉजिक बताया। टरबाइन, पीएच मीटर, मल्टीमीटर, स्प्रिंगबैलेंस आदि दिखाकर विभिन्न प्रयोग कराए। दूसरे मेंटर इंडियन सोसाइटी ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन के सदस्य डा. प्रभाकर गुप्ता ने छात्रों को वीडियो के जरिए गणित के इतिहास और विकास से अवगत कराया और गुणा के नए तरीके सिखाए। इसके बाद छात्रों को भौतिकी, रसायन, कम्प्यूटर आदि प्रयोगशालाओं में सामूहिक प्रयोग कराए गए। मुख्य अतिथि ऋचा मूर्ति रहीं। इस दौरान सुभाष मेहरा, प्रो. जगन्नाथ साहू, प्रो. टीडी बिष्ट, रतीश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, डा. मो. मुस्तकीम अब्दुल्ला समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे। संचालन अमर प्रताप सिंह ने किया।